समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026

# अमेरिका मे मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने जा रही यह भारतीय कंपनी, शेयरों मे उंछाल की उम्मीद।

Publisher Published on 20 Jun 2025



## वारी एनर्जीज 2025 तक टेक्सास प्लांट की क्षमता 3.2 GW करने की योजना मे जुंटी, अमेरिका से मिले 1.2 गीगावाट से अधिक के ऑर्डर।

**Waaree Energies Shares:** भारत की अग्रणी **सोलर मॉड्यूल निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड (Waaree Energies Limited)** ने अमेरिका में अपने **मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस** को विस्तार देने की बड़ी घोषणा की है। कंपनी 2025 के अंत तक टेक्सास के ब्रुकशायर स्थित अपने प्लांट की उत्पादन क्षमता को 1.6 गीगावाट से बढ़ाकर 3.2 गीगावाट करने की योजना बना रही है।

**ट्रंप के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' से कंपनी को राहत**
कंपनी ने बताया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित '**One Big Beautiful Bill**' का असर **वारी एनर्जीज** की रणनीतियों पर सीमित रहेगा क्योंकि कंपनी का **फोकस कंज्यूमर सेगमेंट** की बजाय **यूटिलिटी और इंडस्ट्रियल सोलर प्रोजेक्ट्स** पर है।

**Waaree Energies** के **CEO** ने बताया कि यह विधेयक अमेरिका की **मैन्युफैक्चरिंग** को बढ़ावा देता है, और इसमें सेक्शन 45X के तहत टैक्स क्रेडिट की निरंतरता सुनिश्चित की गई है, जो कंपनी के लिए लाभदायक सिद्ध होगी।

**अमेरिका से मिले 1.2 GW से अधिक के ऑर्डर**
**वारी एनर्जीज** की **अमेरिकी सब्सिडियरी Waaree Solar Americas** को हाल ही में अमेरिका से **586 मेगावाट** और **599 मेगावाट** के दो बड़े **सोलर मॉड्यूल ऑर्डर** प्राप्त हुए हैं। कंपनी के अनुसार, 2025-26 की पहली तिमाही में उसका कुल ऑर्डर

बुक 1.2 गीगावाट से भी अधिक हो गया है।

इस तेजी से बढ़ती डिमांड को देखते हुए कंपनी ने अमेरिका में अपनी निर्माण क्षमता को दोगुना करने की योजना बनाई है। इससे न केवल अमेरिकी बाजार में उसकी पकड़ मजबूत होगी, बल्कि **वैश्विक सोलर सेक्टर** में भारत की स्थिति और भी सुदृढ़ हो सकती है।

**शेयरों मे गिरावट, लेकिन भविष्य की संभावनाएं बेहतर**

हालांकि **वारी एनर्जीज** के शेयरों में पिछले एक महीने में लगभग **10%** की गिरावट आई है और गुरुवार को यह **शेयर 1.1% गिरकर ₹2,670** पर बंद हुआ, लेकिन **कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं** और **ऑर्डर बुक** को देखते हुए निकट भविष्य में इसमें सुधार की उम्मीद है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.